# सीवरेज लाईन से प्रभावित हितग्राहियो को लॉटरी से मिला स्थायी पीएम आवास

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में लॉटरी पद्वति से खुर्सीपार बैक लाईन सीवरेज सिस्टम के उपर अवैध कब्जाधारी 12 हितग्राहियो को लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एम.आई.सी. के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया रखी गई। इसमें जो हितग्राही नियमानुसार अपनी धरोहर राशि जमा कर दिए थे, उन्हे मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से आबंटित किया गया। हितग्राहियो को विशेष प्रावधान के तहत उनके द्वारा मात्र 75000 रूपये जमा करने पर मकान आबंटित किया जा रहा है। इसमें से 8 हितग्राही पूर्ण राशि जमा कर दिए है। 4 हितग्राही ऐसे है जिनके पास पुरी राशि नहीं होने के कारण वे 25000 रूपये जमा किए है। उन्हे विशेष बरियता देते हुए प्रावधिक रूप से मकान आबंटित किया गया है। जब वे शेष राशि 50000 और जमा कर देगे, तभी उन्हे पूर्ण कालिक आबंटन पत्र प्राप्त होगा। महापौर पाल ने खुर्सीपार क्षेत्र के उपस्थित हितग्राहियो से कहे कि बाकी लोग भी शीध्रता से पैसा जमा कर दें। सबको कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया बी–1 ब्लॉक में मकान आबंटन किया जाएगा, जो पहले आएगा उसे पहले मकान प्राप्त हो जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य 19 हितग्राही जिन्हे नियमानुसार खुली लॉटरी पद्वति के माध्यम से बारी–बारी से मकान आबंटित किया गया। सभी हितग्राही अपने प्रारंभिक किशत की राशि जमा कर चुके है। नोडल अधिकारी डी. के. वर्मा ने सभी को बताया कि शीध्रता से संपूर्ण राशि जमा कर दें, उन्हे मकान की चाबी सौंप दी जाएगी। यदि किसी को ऋण की आवश्यकता है, उसकी भी सुविधा उपलब्ध है। अपनी इच्छा के अनुसार बैंक से संपर्क करके ऋण प्राप्त कर सकते है। जो राशि घर के किराये के रूप में देते है, उसी राशि से बैंक के किशत जमा कर सकते है। दिव्यांग एवं वरिष्ठ हितग्राहियों को नीचे का मकान आबंटित किया गया है। सभी हितग्राहियों को प्रमुख रूप से प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में मकान आबंटित किया गया। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान एम.आई.सी. सदस्य लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, योजना प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, नम्रता ठाकुर, जागेश्वर साहू, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

